समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाएगी मोदी सरकार : रविशंकर प्रसाद का बड़ा बयान।

Publisher Published on 17 May 2025



## भारत आतंकवाद के खिलाफ झुकेगा नहीं: रविशंकर प्रसाद।

**बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद** ने कहा है कि भारत सरकार **ऑपरेशन सिंदूर** को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ले जाने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवाद को करारा जवाब देने के बाद अब भारत **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** और अन्य साझेदार देशों को इस कार्रवाई की जानकारी देगा।

**ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय दौरा, सात डेलिगेशन होंगे शामिल**
रविशंकर प्रसाद ने बताया कि ऑल पार्टी डेलिगेशन का गठन किया गया है जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हैं। डेलिगेशन निम्न नेताओं के नेतृत्व में जाएंगे:

**बीजेपी : रविशंकर प्रसाद, बैजनाथ पांडा**
**कांग्रेस : शशि थरूर**
**शिवसेना : श्रीकांत शिंदे**
**राकांपा : सुप्रिया सुले**
**जेडीयू : संजय झा**
**डीएमके : कनिमोझी**

उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि पूरा देश एक स्वर में बोले। आतंकवाद बड़ा नासूर है, और हम इसे जड़ से खत्म करेंगे।"

### ‘पानी और खून साथ नहीं बहेगें, ट्रेड और टॉक साथ नहीं होंगे’ – पीएम मोदी का स्पष्ट संदेश

**रविशंकर प्रसाद** ने कहा कि:“अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को भारत भेजेगा, तो सख्त जवाब मिलेगा। पीएम मोदी का संदेश स्पष्ट है – भारत झुकेगा नहीं।” उन्होंने आगे बताया कि उन्हें **सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन** और **अल्जीरिया** भेजा जा रहा है जहां वे 10 दिन के मिशन पर भारत का पक्ष रखेंगे।

### शशि थरूर को लेकर कांग्रेस मे विवाद

सरकार द्वारा थरूर को **डेलिगेशन** में शामिल करने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई। पार्टी का कहना है कि “सरकार ने जिन चार नामों की मांग की थी, उसमें थरूर का नाम नहीं था। यह कूटनीतिक असफलता और अवसरवाद है।”

इस पर र**विशंकर प्रसाद** ने कहा कि:“यह राजनीति करने का वक्त नहीं है। देश को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहना चाहिए।”

### भारत की अंतरराष्ट्रीय रणनीति – ऑपरेशन सिंदूर को मिलेगी वैश्विक मान्यता

सरकार का मकसद है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद पर हुई निर्णायक कार्रवाई को दुनिया के सामने रखा जाए। इससे भारत की वैश्विक साख मजबूत होगी और पाकिस्तान की पोल खुलेगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.